उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

रायपुर–थानों मार्ग, निकट महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, रायपुर, देहरादून

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in E-mail:chayanayog@gmail.com

संख्याः 1753 /अधियाचन/2024 देहरादूनः दिनांक 17 जनवरी, 2024

विज्ञप्ति/शुद्धि–पत्र

आयोग के विज्ञापन संख्याः 51/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 08.01.2024 द्वारा विभिन्न विभागों के इण्टरमीडिएट स्तरीय शैक्षिक अर्हता के कुल 136 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गई है जिसमें उक्त पदों हेतु आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 जनवरी 2024 इंगित की गई है।

उत्तराखण्ड शासन, कार्मिक अनुभाग–2 की अधिसूचना संख्या 739/XXX-(02)/2004-55(41)/2004 देहरादून दिनांक 14 जून 2004 तथा उत्तराखण्ड शासन, कार्मिक अनुभाग–2 की अधिसूचना संख्या 12/XXX-(02)/2014-55(41)/2004 देहरादून दिनांक 31 जनवरी 2014 द्वारा उत्तराखण्ड सेवाओं में भर्ती (आयु सीमा) नियमावलियां प्रख्यापित की गई हैं, जिनमें अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु की गणना वर्ष की पहली जुलाई से निर्धारित किए जाने का प्राविधान है।

तदक्रम में उक्त विज्ञापन में दी गई न्यूनतम आयु गणना की तिथि उक्त नियमावलियों के अनुपालन में 01 जनवरी, 2024 के स्थान पर 01 जुलाई, 2023 समझी जाएगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त उक्त विज्ञापन में शेष प्राविधान यथावत् रहेंगे।

(सुरेन्द्र सिंह रावत),
सचिव।